## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीएड/डीएलएड परीक्षा आज दो पालियों में होगी परीक्षा, बनाये गये 126 परीक्षा केन्द्र

**रायगढ़।** छ.ग.व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 30 जून 2024 को बीएड/ डीएलएड का आयोजन जिले में किया जा रहा है। परीक्षा 02 पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक जिले के 52 विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी, जिसमें कि 15953 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसी तरह द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से सायं 4.15 बजे तक जिले के 74 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 21308 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी, उडनदस्ता दल, कंट्रोल रूम स्थापना जैसी विशेष तैयारियां की गई हैं। कलेक्टर गोयल ने परीक्षा कार्य से जुड़े समस्त अधिकारियों को व्यापम द्वारा निर्धारित नियमों तथा मानकों का अक्षरश: पालन करते हुए पूर्ण निष्पक्षता परीक्षा एवं पारदर्शिता के साथ परीक्षा संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कलेक्ट्रेट रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 28 में कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है। उक्त कंट्रोल रूम प्रात: 7 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगी। कंट्रोल रूम में प्रभारी अधिकारी महेश शर्मा डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ मोबा.नं.7746859383 को नियुक्त किया गया है।

### सरगुजा-बिलासपुर के लिए यलो अलर्ट

**रायपुर (आरएनएस)।** आज सरगुजा और बिलासपुर संभाग में हल्की से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में 30 जून तक भारी बारिश की संभावना है। वहीं रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के कई जिलों में भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 110.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। कम बारिश के चलते प्रदेश के बांध 32 फीसदी ही भरे हैं। इधर राजधानी रायपुर में बारिश की गतिविधियों पर विराम लगा हुआ है। हल्की बारिश अथवा बूंदाबांदी के अलावा राजधानी रायपुर में अभी तक जोरदार बारिश नहीं हुई है। इसके चलते आसमान से बादल छंटते ही उमस और गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। वहीं खेती-किसानी का काम भी दिनों दिन बिछड़ता जा रहा है।

### हाईस्कूल पुनर्गणना-पुनर्मूल्यांकन का परिणाम जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष-2024 के पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम आज जारी कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनर्गणना के कुल 709 आवेदन एवं पुनर्मूल्यांकन के कुल 5 हजार 122 आवेदन इस प्रकार कुल 5 हजार 831 आवेदन प्राप्त हुए थे। मण्डल द्वारा जारी परिणाम में पुनर्गणना के 125 एवं पुनर्मूल्यांकन के 2 हजार 379 इस प्रकार कुल 2 हजार 504 आवेदकों के अंकों में परिवर्तन हुआ है। पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### बाइक सवार मवेशी से टकराया, मौत

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** शहर से लगे ग्राम रुद्री में मवेशी से बाइक की टक्कर हो गई। घटना में मवेशी और युवक दोनों की मौत हो गई। घटना देर रात 11 बजे की है। जानकारी के अनुसार घटना रुद्री थाना के सामने हुई। बाइक सवार मनीष ध्रुव (25) पुत्र अमरसिंग ध्रुव रुद्री की ओर से अपने घर गौरी नगर जा रहा था। थाना के पास सडक़ में बैठे मवेशी से जा टकराया। टक्कर इतनी तेजी के साथ हुआ कि बाइक सवार टकराने के बाद तीन फीट ऊपर उछला और नीचे जमीन में गिर गया। जिससे उसके सिर में काफी गंभीर चोट आई तत्काल रक्तदान ग्रुप एंबुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान को सूचना मिली। घायल को उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थोड़ी देर बाद मवेशी की भी मौत हो गई। रुद्री थाना प्रभारी विंकेश्वरी पिंदे ने बताया कि घटना की विवेचना जारी है।

### मुख्य सचिव अमिताभ जैन को राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष का अतरिक्त प्रभार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा मुख्य सचिव अमिताभ जैन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ उपाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस आशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर से जारी कर दिया गया है।

# प्लांट और हाईवे के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए ट्रैक्टर चोर तक पहुंची पुलिस, आरोपी से चोरी की ट्रैक्टर -ट्राली बरामद

- प्लांट में इलेक्ट्रिशियन का काम करने वाले व्यक्ति ने ट्रैक्टर किराए में मुनाफा कमाने की योजना बनाकर थी ट्रेक्टर चोरी

**रायगढ़**



शहर में मोटर सायकल चोर गिरोह के तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कोतरारोड़ पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के शातिर आरोपी को पकड़ा है। आरोपी कलश राम पटेल जिंदल प्लांट में ठेकेदार के अधीन इलेक्ट्रिशियन का काम करता था जिसने रिलायंस पेट्रोल पंप, गोरखा के सामने खड़ी ट्रैक्टर को रातों-रात चोरी कर डभरा के ग्राम कोसमन्दा लेकर गया और पकड़े जाने के डर से वापस कलमी गांव लाकर ट्रेक्टर को छिपाकर भाग गया था। ट्रैक्टर चोर को पकड़ने कोतरारोड़ पुलिस ने घटनास्थल ग्राम गोरखा से नेशनल हाईवे 49 पर ग्राम सपोस जिला सक्ती तक करीब 40 किलोमीटर के दायरे में लगे करीब 70, 80 सीसीटीवी तथा जिंदल प्लांट के पीछे लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया और आरोपी तक पहुंची।

चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधो पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियो को क्षेत्र के संपत्ति संबंधी अपराधो में चालान हुए आरोपी तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर निगाह रखकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है जिसके पालन में थाना प्रभारी कोतरारोड निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा मुखबिर लगाकर चोरी के माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में थाना कोतरारोड क्षेत्र से 19.06.2024 को एक ट्रैक्टर महिन्द्रा मय ट्राली क्रमांक सीजी 13 AW 8366 की चोरी हुई थी। मामले में थाना कोतरारोड में अज्ञात आरोपी के विरुद्व अपराध क्रमांक 239/24 धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्व कर माल मुल्जिम पतासाजी दौरान घटनास्थल गोरखा से आसपास के लगभग 70-80 सीसीटीव्ही फुटेज चेक किया गया जिसमें आरोपी द्वारा चोरी कर ट्रेक्टर को ले जाने का पता चला तथा थाना प्रभारी अपने मुखबिरो को स्टाफ के साथ संदिग्ध के पतासाजी में जूटी हुई थी कि मुखबिर से दिनांक 28.06.2024 को पता चला कि भगवानपुर का कलशराम पटेल ट्रैक्टर बिक्री करने ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर संदेही कलशराम पटेल पिता स्व० गजानंद प्रसाद पटेल 47 साल सा० कोसमन्दा थाना डभरा हा०मु० भगवानपुर थाना कोतरारोड़ को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ कर मेमोरेण्डम लिया गया जो दिनांक 19.06.2024 के दरमयानी रात ट्रैक्टर चोरी कर अपने गांव तक ले गया और पकड़े जाने की डर से वापस कलमी जाने वाली कच्ची मार्ग में बरगद पेड के नीचे ट्रैक्टर छिपा कर रख भाग गया। मौके पर जाकर चोरी गये ट्रैक्टर महिन्द्रा मय ट्राली क्रमांक सीजी 13 AW 8366 को जप्ती किया गया है। शातिर आरोपी ने ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर खरोचकर मिटा दिया था, पूछताछ में आरोपी ने चोरी ट्रैक्टर को कृषि कार्य में किराए में देने का प्लान बनाया था। मामले में आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं डीएसपी अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन पर चोरी गये महिन्द्रा टेक्टर मय ट्राली कीमती 8,00000/रु को बरामद करने में कोतरारोड पुलिस को सफलता मिली है। माल मुल्जिम पतासाजी में निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, उपनिरीक्षक जे. एक्का, आरक्षक संदीप कौशिक, राजेश खोण्डे, संजय केरकेट्टा की अहम भूमिका रही है एवं सायबर सेल के स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री की विशेष पहल से मिली नागरिकों को नई सुविधा

- ड्राइविंग लाइसेंस गलत पते के कारण वापस लौटने पर परिवहन कार्यालयों के माध्यम से मिलेंगे
- यह सुविधा एक जुलाई से होगी लागू

**रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आम नागरिकों को एक और नई सुविधा परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा यह सुविधा एक जुलाई से लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री साय के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे। ऐसे आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने आवेदकों की दिक्कतों को महसूस करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि किसी वजह से अप्राप्त रहे ड्राइविंग लाईसेंस तथा पंजीयन प्रमाण पत्र संबंधित जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से वितरित किए जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अस्पष्ट अथवा अपूर्ण पते के कारण नवा रायपुर स्थित परिवहन मुख्यालय लौटने वाले ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र लेने के लिए नवा रायपुर आने की जरूरत नहीं होगी। आवेदक संबंधित कार्यालय से वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने चालक लाईसेंस अथवा पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगें। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा सभी अधीनस्थ कार्यालयों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## कलेक्टर गोयल के निर्देश पर प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए केलो डेम में हुआ मॉकड्रिल

- नगर सेना के जवानों ने मोटर वोट टेस्ट ड्राईव कर किया अभ्यास
- बाढ़ की स्थिति से निपटने जनसामान्य को दी जानकारी

**रायगढ़**





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मानसून-2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु आज प्रात: 7 बजे से केलो डेम लाखा, रायगढ़ में प्रारंभिक प्रशिक्षण किया गया। जिसमें नगर सेना रायगढ़ की टीम के लगभग 30 जवानों द्वारा उनके पास उपलब्ध 2 मोटर वोट टेस्ट ड्राईव कर बाढ़ आपदा से निपटने के लिए डेमो देकर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य को बताया गया। प्रारंभिक अभ्यास में बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर सबसे पहले क्या करना चाहिए के संबंध में डेमो देकर जानकारी दी गई।

आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान उनसे बचाव एवं बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षा के नियमों और आपदा के समय दी जाने वाली फस्र्ट ऐड की विस्तार सहित जानकारी प्रदान की गई। माकड्रिल में बाढ़-आपदा एवं राहत व्यवस्था के जिला नोडल अधिकारी रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, ब्लासियुस कुजूर जिला सेनानी नगर सेना, लोमस कुमार मिरी तहसीलदार रायगढ़, सुरेश कुमार होता पीसीव्ही नगर सेना, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी तथा जेएसपीएल प्रबंधन के सुरक्षा अधिकारी रमेश कुमार तथा नगर सेना बाढ़ बचाव दल के जवान उपस्थित रहे।

## फर्जी निकला महिला सीएचओ के अपहरण का मामला, अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ पकड़ाई

**सक्ति । आरएनएस**




जिले में महिला सीएचओ के अपहरण मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। महिला सीएचओ ने अपने ब्वायफ्रेंड के साथ के साथ शादी करने के लिए रची थी साजिश तथा खुद ही बनाई थी अपहरण की झूठी कहानी। पुलिस ने दोनों को सरकंडा बिलासपुर के होटल स्वर्णभूमि देवनंदन नगर से बरामद कर लिया है। तथा मामले में दोनों के खिलाफ धारा 120 (बी), 384 के तहत कार्रवाई की है।

बता दें कि 28 जून को सक्ती चौपाटी के पास से एक महिला सीएचओ अनुपमा जलतारे लापता हो गई थी। वहीं उसी रात 9:38 बजे अनुपमा के फ ोन से महेन्द्र जांगडे ने महिला सीएओ के भाई डेगम्बर को फोन कर 28 जून को 11 बजे तक 15 लाख रुपये की व्यवस्था करके देने की मांग की. मांग पूरी नहीं करने पर अनुपमा को जान से मार कर बोरी में भेजने की बात कही। इतना ही नहीं, लापता अनुपमा ने भी फ ोन पर अपने भाई से रोते हुए बात की। वहीं महिला अधिकारी के भाई ने उसके दोस्त महेन्द्र को फ ोन किया, तो उसने भी अपहरण करने वालों की तरफ से फ ोन कर फिरौती की मांग करना बताया। ईधर 15 लाख रुपये की फिरौती की शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और इलेक्ट्रानिक डिजिटल एवं मैनुवल साक्ष्य के आधार पर पाया कि महेन्द्र जांगडे और अनुपमा जलतारे को 4 घंटों के भीतर सरकंडा बिलासपुर के होटल स्वर्णभूमि देवनंदन नगर से बरामद किया। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि अपहरण की पूरी कहानी झूठी थी। महिला सीएओ ने अपने दोस्त के साथ एक मकसद लेकर सारा षड्यंत्र रचा था। पुलिस ने बताया कि महिला सीएओ अनुपमा जलतारे ने 27 जून को अपने दोस्त महेन्द्र जांगड़े को कोरबा से सक्ती चौपाटी बुलाया और अपने छोटे भाई कालेश्वर को ठण्डा पानी लाने के बहाने भेज दिया। जब भाई वापस आया तो वह नहीं थी। इसके बाद महिला सीएओ ने अपना फ ोन फ्लाइट मोड में डाल कर महेन्द्र जांगडे के नीला सफेद रंग के टीव्हीएस अपाचे बाईक क्रमांक सीजी 28 एल 0149 में बैठकर बिलासपुर निकल गई। इधर उसके अचानक गायब होने से भाई और परिजन परेशान थे. इसी बीच रात 9:38 बजे अनुपमा के फ ोन से महेन्द्र जांगडे ने महिला सीएओ के भाई डेगम्बर को फोन कर 28 जून को 11 बजे तक 15 लाख रुपये की व्यवस्था करके देने की मांग की. मांग पूरी नहीं करने पर अनुपमा को जान से मार कर बोरी में भेजने की बात कही. इतना ही नहीं, अनुपमा ने भी फोन पर अपने भाई से रोते हुए बात की.

वहीं महिला अधिकारी के भाई ने उसके दोस्त महेन्द्र को फोन किया, तो उसने भी अपहरण करने वालों की तरफ से फोन कर फिरौती की मांग करना बताया.पुलिस ने इलेक्ट्रानिक डिजिटल एवं मैनुवल साक्ष्य के आधार पर पाया कि महेन्द्र जांगडे और अनुपमा जलतारे की प्लानिंग थी कि, अनुपमा के घर वाले 15 लाख की ब्यवस्था नही कर पायेंगे, फिर एक दो दिन बाद महेंद्र जांगडे के साथ अपने घर जाकर परिजनों को महिला अधिकारी बताती कि महेंद्र जांगडे ने अपहरणकर्ताओ पैसा देकर उसे छुडवाया है. जिससे वह महेंद्र को घरवालों की नजरो में शादी के लिए उपयुक्त लडक़ा साबित कर पाती।

वहीं इस मामले में पुलिस ने झुठा अपहरण के लिए महेन्द्र जांगडे और महिला अधिकारी पर धारा 120 (बी), 384 के तहत कार्रवाई कर दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है।

## महिला के घर घुसकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़-रायपुर । आरएनएस**

एक महिला द्वारा थाना धरमजयगढ़ में युवक बलराम मृधा पर डरा धमका कर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। घटना को लेकर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम द्वारा पीड़ित महिला से विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया।

महिला बताई कि बीते 29 मई को उसका पति व घर के अन्य सदस्य कोरबा गए हुए थे। इसी बीच गांव का बलराम मृधा घर में अकेली पाकर उसे डरा धमकाकर बलात्कार किया। महिला के लिखित आवेदन पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा आरोपी बलराम मृधा पर अपराध क्रमांक 167/2024 धारा 376, 506 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आरोपी के सकुनत पर दबिश दी गई। आरोपी गिरफ्तारी से बचने फरार हो गया था। थाना प्रभारी द्वारा आरोपी की सूचना देने मुखबिर तैनात किए गए थे। आज सुबह मुखबिर सूचना पर टीआई धरमजयगढ़ कमला पुसाम द्वारा दबिश देकर आरोपी बलराम मृधा (उम्र 25 साल) निवासी धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ को हिरासत में लिया गया। आरोपी की मेडिकल आदि की औपचारिकताएं पूर्ण कर आरोपी के कृत्य पर विधिवत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर महिला संबंधी अपराधों में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगे 18 लाख, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**

विद्युत विभाग में रेगुलर नौकरी लगाने के नाम पर 18 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को ने पुलिस गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी अविनाश सिंह ठाकुर को प्रार्थी अविनाश धरडे जानता पहचानता था. आरोपी उसे स्कूल में पढ़ाया था। आरोपी अविनाश सिंह ठाकुर विद्युत विभाग गुढियारी में नौकरी करता था। वर्ष 2021 के माह अक्टूबर में प्रार्थी से बोला कि विद्युत वितरण कंपनी गुढियारी में कनिष्ठ इजीनियर की नौकरी प्रार्थी एवं उसके भाई अनुराग धरडे को दिलवा देगा। जिसके लिये प्रार्थी एवं उसके भाई से अपनी पत्नी गरिमा सिंग ठाकुर के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाता कमाक 71330100017889 में विभिन्न किश्तों में कुल 1318021रूपये (तेरह लाख अठारह हजार इक्कीस रूपये) एवं पांच लाख नगद कुल 18 लाख 18 हजार इक्कीस रूपये नौकरी लगाने का झांसा देकर प्राप्त किया है।

प्रार्थी एवं उसके भाई को नौकरी दिलाने का झांसा देने के दौरान विद्युत विभाग की परीक्षा भी आरोपी द्वारा दिलवाया गया जिसमें कि सफल होने की गारंटी रूपये मिलने पर दी गयी थी परन्तु दो बार चयन सूची निकलने पर भी प्रार्थी एवं उसके भाई का विद्युत विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर नौकरी नही लगने से प्रार्थी को ठगी का अहसास होने पर आरोपी अविनाश सिंह ठाकुर एवं उसकी पत्नी गरिमा सिंह ठाकुर के विरुद्ध थाना गुडियारी में शिकायत देने पर अपराध 303/2023 धारा 420,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अपराध दर्ज होने बाद से आरोपीगण फरार थे। जो कि दिनाक 25.06.24 को सह आरोपी गरिमा सिंग ठाकुर को गिर0 कर न्यायिक रिमाड पर भेजा गया है। प्रकरण में मुख्य आरोपी अविनाश सिंग ठाकुर को पता तलाश कर दिनांक 28.06.24 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर में मनाया गया विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

- तिलक वंदन के साथ नव प्रवेशी बच्चों का किया गया स्वागत

**रायगढ़**




विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, पुसौर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक-वंदन कर पुष्प माला से स्वागत कर पाठ्य-पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कन्या शाला पुसौर के स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

स्वागत उद्बोधन आर.के.पटेल व्याखाता हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर द्वारा किया गया। इस दौरान रितेश थवाईत, मोहित सतपथी, घनश्याम पटेल, उमेश साव, किशोर कसेर, नेहा उपाध्याय, दिनेश पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर के द्वारा संबोधित करते हुये कहा कि बेहतर शिक्षा, अनुशासन एव विद्यार्थी अवस्था समग्र जीवन की नींव होती है इस विषय पर अपनी बात रखते हुये सभी बच्चों की अच्छे पढऩे लिये के लिये प्रेरित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान शासन के निर्देशानुसार मध्यान्ह भोजन के साथ न्योता भोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सेल्फी जोन बनाया गया था जिसमें बच्चे सेल्फी लेने के लिये उत्साहित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र मिश्रा बी आर सी पुसौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम संचालन रघुनाथ साव, नैमिष पाणिग्राही, मुरलीधर गुप्ता के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लिटिल एंगल तडोला एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480